दिनांकः 12.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रदेश के पूर्वी जिलों में बारिश का दौर आज भी बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश दर्ज हुई। सबसे अधिक 26 सेंटीमीटर बारिश दौसा के रामगढ़ पचवारा में हुई। करौली के सपोटरा में 21 सेंटीमीटर, सवाईमाधोपुर और लालसोट में 17–17, जयपुर तहसील में 13, अलवर के कोटकासिम में 7, कोटा के पीपलदा में 5, हनुमानगढ में 4 और चूरू में 3 सेंटीमीटर पानी बरसा।
मौसम विभाग के अनुसार आज भी जयपुर, दौसा, सवाईमाधोपुर, करौली और टोंक जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं कोटा, बारां, बूंदी, भरतपुर, अलवर, नागौर, सीकर और अजमेर जिले के लिए येलो अलर्ट दिया गया है। विभाग ने लोगों से जलाशयों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी आमजन से अतिवृष्टि की स्थिति में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने भारी बारिश, आकाशीय बिजली और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से पूरी तरह सतर्क रहने को कहा है।
इस बीच, जयपुर और भरतपुर संभाग में तेज बारिश के चलते जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। करौली, सवाईमाधोपुर और दौसा जिलों में हुई भारी बारिश के चलते आपात स्थिति बनी हुई है।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य के कुछ भागों में अतिवृष्टि की स्थिति को देखते हुए कल रात जयपुर में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। श्री शर्मा ने अधिकारियों से प्रभावित क्षेत्रों में बचाव कार्य तेज करने और आने वाले दिनों में मौसम के अनुमान को देखते हुए आवश्यक एहतियाती कदम उठाने को कहा है। मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के लिए प्रभारी सचिवों को जिलों का दौरा करने के निर्देश दिये हैं। श्री शर्मा ने विभागों की संयुक्त रूप से टीमें गठित करने और समन्वय के साथ बचाव और राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। इस बीच, अतिवृष्टि प्रभावित जिलों में नियंत्रण कक्ष पर सतर्कता बढा दी गई है। प्रभावित जिलों के प्रशासन ने आमजन से आपात स्थिति में बाढ़ नियंत्रण कक्षों से सम्पर्क करने की अपील की है। एसडीआरएफ की टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

....

सीमा सुरक्षा बल जोधपुर फ्रंटियर ने इस साल अब तक 30 किलो हेरोइन, चार पाकिस्तानी ड्रोन और बडी संख्या में हथियार जब्त किये हैं। महानिरीक्षक एमएल गर्ग ने आज पत्रकार वार्ता में बताया कि बीएसएफ जवानों को आधुनिक निगरानी उपकरण दिये गये हैं, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तुरंत पता चल सकता है। उन्होंने बताया कि इस साल 38 संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं। इनमें से छह पाकिस्तान और एक बांग्लादेश का नागरिक शामिल है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा भारत–पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पहले चरण में 870 किलोमीटर लेटरल रोड बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके तहत बोर्डर फेंसिंग रोड को सभी सीमा चौकियों से जोडा जाएगा।

....

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर प्रदेश से लगती अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा बलों ने चौकसी बढ़ा दी है। जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ ने ऑपरेशन अलर्ट शुरू किया है। इस दौरान दिन और रात की गश्त बढाई गई है। बीएसएफ के उपमहानिरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि जवानों को सतर्क रहने के निर्देश दिये गये हैं और अधिकारियों को भी फील्ड में भेजा गया है।

....

आज विश्व हाथी दिवस है। हाथियों के संरक्षण और उनके आवासों को सुरक्षित रखने के प्रति जागरुकता बढाने के लिए ये दिन मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व हाथी दिवस के अवसर पर हाथियों की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रयासों की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि हाथी हमारी संस्कृति और इतिहास से जुड़े हुए हैं। उन्होंने यह सुनिश्चित

करने के लिए हर संभव प्रयास करने की प्रतिबद्धता दोहराई है कि हाथियों को एक अनुकूल आवास मिले जहां वे आराम से रह सकें। इधर, जयपुर के आमेर स्थित हाथी गांव में इस अवसर कार्यशाला रखी गई है। कार्यशाला का उद्देश्य हाथी सफारी के दौरान महावतों को हाथियों की देखभाल के लिए जागरुक करना है।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी।

....